हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 जून 2025

04 सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह वर्षों ...

09 शहर के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारी क्षमताओं के...

समाचार संक्षेप

सिंगल क्लिक से सहायताः गुना में असंगठित श्रमिकों को संबल योजना के तहत आर्थिक संबल

गुना । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत राज्य के 6,821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। यह राज्यस्तरीय कार्यक्रम ग्राम बेलखेड़ा, तहसील बरगी, जिला जबलपुर में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की उपस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम के दौरान गुना जिले के 61 श्रमिक परिवारों को रूपये 1.34 करोड़ की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के जीवनस्तर में सुधार हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला श्रम अधिकारी शआशीष तिवारी श्रम निरीक्षक शरामकुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, संबल योजना से जुड़े हितग्राही उपस्थित रहे।

वर्षो से फरार स्थाई वारंटी पकड़ायाः पीएम आवास योजना के मटेरियल की चोरी में था शामिल

गुना। जिले की विजयपुर थाना पुलिस ने वर्ष 2018 के एक चोरी के मामले में फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी बाबूलाल उर्फ पप्पू प्रजापति को राघौगढ़ से धरदबोचा गया। यह कार्रवाई गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा फरार और इनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। इस सफलता पर एसपी ने पुलिस टीम को 7000 इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। विजयपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार को सूचना मिली थी कि वर्ष 2018 से फरार चल रहा स्थायी वारंटी बाबूलाल पुत्र बलराम प्रजापति (32), निवासी आनंदपुर जिला विदिशा, ट्रक से राघौगढ़ अपने रिश्तेदारों से मिलने आ रहा है। मुखबिर से मिली सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल एक टीम रवाना की। जैसे ही आरोपी ट्रक से उतरकर राघौगढ़ रोड की ओर बढ़ा, पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

लक्ष्य अनुसार ई-केवायसी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराएं - कलेक्टर

गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे सहित समस्त जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के आरंभ में कलेक्टर कन्याल द्वारा ई-केवायसी कार्य की समीक्षा की गई। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर ई-केवायसी कार्य किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शहरी क्षेत्र में कचरा गाड़ी में एनाउंसमेंट के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया। उन्होंने लोगों को आधार कैंप तक लाने की व्यवस्था के संबंध में सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद को निर्देशित किया।15 जून से 30 जून 2025 तक चलाए जा रहे धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों में ग्राम स्तरीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

पुलिस की दबंग कार्रवाईः अवैध हथियार तस्करों का निकाला जुलूस

दो आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने के लिए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर गुना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार तस्करी में लिप्त दो कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस शहर में निकाला। आरोपी विकास पाटिल और दिव्यांशु शर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 पिस्टलें, 4 कट्टे और 2 जिंदा राउंड जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाई से न केवल पूरे गिरोह का पर्दाफाश हुआ है, बल्कि शहर में दहशत फैलाने वाले गैंगस्टरों को करारा संदेश भी गया है। कैंट थाना पुलिस ने यह कार्रवाई दोखंभा बायपास फायरिंग केस की जांच के दौरान की। इस प्रकरण में पहले ही कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी। 24 अप्रैल 2025 की रात को नरवर से बारात से लौट रहे फरियादी प्रभजोत सिंह की कार पर दोखंभा के पास थार और स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने जानलेवा हमला किया था। छर्रे लगने से फरियादी घायल हुआ था। इस मामले में कैंट थाना में अप.क्र. 409/25 के तहत बीएनएस की गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया गया था।

जांच में सामने आया कि आरोपी विकास पाटिल और दिव्यांशु शर्मा इस हमले में शामिल थे। पूछताछ में उन्होंने अवैध हथियारों की तस्करी में भी अपनी संलिप्तता कबूल की। उनके मोबाइल से हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़े स्क्रीनशॉट भी मिले। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से काले रंग की थार, एक हैरियर गाड़ी और भारी मात्रा में हथियार जब्त किए हैं।

यह मामला केवल एक फायरिंग या आपसी रंजिश तक सीमित नहीं था, बल्कि पूरे जिले में सक्रिय हथियार तस्करी गिरोह से जुड़ा निकला। पहले इसी कड़ी में परमाल सोलंकी, लल्लू जाट, मलखान यादव, विक्रम परिहार समेत अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में हथियार, कारतूस और अवैध शराब बरामद की जा चुकी है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शहर में दोनों आरोपियों का जुलूस निकाला, जिससे आमजन में पुलिस की कार्यवाही के प्रति विश्वास बढ़ा और अपराधियों में डर का माहौल बना। इस पूरी कार्रवाई में कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव, कोतवाली थाना प्रभारी सीपीएस चौहान, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौहान, चंचल तिवारी, बुंदेल सिंह सुनेरिया, साइबर सेल की टीम व अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई में सभी को अपनी हद में रहने की दी समझाइश

दुकानों के बाहर पक्के निर्माण तोड़े फलों के ठेले मंडी में कराए शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

हाट रोड पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकानों के बाहर किए गए पक्के निर्माण तोड़े गए एवं नालियों के ऊपर लगाए गए पत्थरों को भी हटाया गया। इसके अलावा हाट रोड पर लगने वाले फलों सहित अन्य सामानों केठेले हटाकर उन्हें मंडी में शिष्ट कराया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों से एसडीएम शिवानी पांडे के नेतृत्व एवं तहसीलदार ,नगरपालिका एवं मंडी प्रशासन द्वारा पुरानी गल्ला मंडी को व्यवस्थित करने प्रयास किए जा रहे हैं। मंडी में लाइनिंगकरने के साथ दुकानों के नंबर डालकर उनका आवंटन किया गया है। इसी क्रम में एसडीएम, तहसीलदार एवं अमले द्वारा हाट रोड पर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई। हाट रोड पर दुकानों के बाहर पक्के निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था एवं नालियां भी बंद कर दी गई थीं। इस पर कार्रवाई करते हुए अमले ने दुकानों के बाहर किए अवैध पक्के निर्माण को तोड़ा गया।

वहीं नालियों के ऊपर से भी पत्थर हटाए गए, जिससे कि बारिश के मौसम में नालियां चौक नहीं हो एवं जलभराव की स्थिति नहीं बने। इसी के साथ हनुमान चौराहा से लेकर हाट रोड रपटा तक सड़क पर लगने वाले फलों सहित अन्य ठेलों को हटाकर मंडी में शिष्ट कराया गया।

प्रशासन, मंडी समिति और नगरपालिका की संयुक्त टीम द्वारा स्थानीय हाट रोड पर लंबे समय से चली आ रही परिस्थिति में बदलाव का प्रयास किया गया है। इस दौरान हाट रोड पर लगने वाले सभी फल ठेलो को वहां से हटवाकर पुरानी गल्ला मंडी में खड़ा कराया गया है। जहां इन सभी को खड़ा करने के लिए जगह बनाने के साथ ही उन्हें नम्बरिंग कर खड़ा कराया गया। इस दौरान सभी को सख्त हिदायत दी गई कि वे बताए गए स्थान पर ही अपने ठेले खड़े करेंगे। यदि वापस हाट रोड पर पहुंचे तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान संयुक्त टीम ने आज फिर से पुरानी गल्ला मंडी में मशक्कत करते हुए व्यवस्था करने का प्रयास किया। इस दौरान जबरिया कब्जे करने वालों को समझाइश देते हुए उनके कब्जे हटवाए गये। इस दौरान पुरानी गल्ला मंडी में देखे जाने वाले जबरिया कब्जों को भी हटवाया गया है। इस दौरान हाट रोड पर दुकानों के आगे किए गए कब्जों को जेसीबी से हटवाया गया, साथ ही सभी को अपनी हद में रहने की समझाइश दी गई।

यहां भी कुछ हो जाए तो अच्छा रहे

जिला अस्पताल के गेट पर इतनी गंदगी मची हुई है कि आम आदमी को निकालने में बड़ी तकलीफ हो रही है। कई बुजुर्ग तो गिर जाते हैं कई गाड़ियां फिसल रही है आम आदमी पैदल वहां से निकलने में घबरा रहा है। रात्रि में पेशेंट को लाते समय गाड़ियां फिसल रही है। अस्पताल प्रबंधन लगता है कि नींद में है या कुछ और कारण है। सरकारी अस्पताल की कितनी बुरी स्थिति है ।सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।अस्पताल के मुख्य द्वार का निर्माण कार्य प्रारंभ हुए महीनों बीत गए लेकिन अब तक स्थिति क्लियर नहीं हुई।

पं. प्रदीप मिश्रा पर भगवान चित्रगुप्त के अपमान का आरोप, कायस्थ समाज बोला दंडवत होकर मांगे माफी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत गुना ने कहा सौंपेंगे प्रशासन को ज्ञापन

चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु चित्रगुप्ताचार्य डॉ स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त ने ये धमकी भरे शब्द मशहूर कथावाचक प्रदीप मिश्रा के लिए कहे हैं। दरअसल कायस्थ समाज के आराध्य देव पर की गई टिप्पणी पर भड़ गएउन्होंने प्रदीप मिश्रा की भाषाशैली पर सवाल उठाए हैं।

दरअसल, पं. प्रदीप मिश्रा की कथा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके सामने आने के बाद स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त भड़क गए पं. प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान कहा था 'यमराज ने कहा किस को भेजूं, अगला संदेश चित्रगुप्त को भेजा, जाओ तो कहा इस मुच्छंदर के साथ नहीं जाऊंगा चित्रगुप्त फालतू की बात करना मति, सबका हिसाब रखना मेरे हिसाब मत रखना'। इस अशोभनीय टिप्पणी को लेकर गुना कायस्थ समाज के सभी समाजजन एकत्रित हुए और उन्होंने इस तरह की बात निंदा की है। उन्होंने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा मिश्रा को माफी मांगना पड़ेगी। वहीं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत गुना के अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव, रामस्वरूप माथुर, रामकृष्ण श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव संगठन मंत्री, राजेश श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, असीम भटनागर उपाध्यक्ष ने पंडित प्रदीप मिश्रा से सार्वजनिक माफी मांगने की बात कही। इसके लिए प्रशासन एक ज्ञापन भी सौंपेंगे और कड़ी कार्रवाई की मांग भी करेंगे

विद्युत कटौती से परेशान लोगों ने अधिकारी को दी सम्मानपूर्वक चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में इन दिनों लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहद परेशान है लगातार 8 से 10 घंटे तक लाइट गायब हो रही है, जिसके चलते लोगों का जन जीवन भी प्रभावित हो रहा है। इसी पर से लोगों की परेशानी को देखते हुए सुबह जागरूक ग्रुप के बैनर तले एकत्रित सदस्यों द्वारा विद्युत वितरण कंपनी के दफ्तर में पहुंचकर वहां इस दौरान मिले अधिकारी को फूल भेंट कर विभाग की कार्य प्रणाली को जमकर कोसा और उसमें सुधार लाने अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराया। शहर में मेंटिनेंस के नाम पर कभी भी लाइट काट दी जाती है, मेंटिनेंस का कार्य लगभग साल भर चलता ही रहता है,

लेकिन बीते 15 दिनों से जिस प्रकार से लगातार बिजली कटौती की जा रही है उससे जनमानस में रोष व्याप्त है। हद तो यह है कि शहरी इलाकों में ही रोजाना 8 से 10 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है, इससे लोगो का गर्मी ओर उमस से हाल बेहाल है और जन जीवन भी प्रभावित हो रहा है।इसी को ध्यान में रखते हुए शहर के जागरूक ग्रुप ने अपनी बात गांधीबादी तरीके से रखने की योजना बनाई, जिसके तहत सभी कार्यकर्ता सुबह 11 बजे बिजली कंपनी के दफ्तर पहुंचे जहां मिले अधिकारी विपिन श्रीवास्तव से मिलकर रोजाना हो रही बिजली कटौती की परेशानी के बारे में उन्हें विस्तार से बताया। उन्होंने बिजली विभाग के प्रबंधक से इस पूरे मामले में चर्चा करने और आगे ये समस्या उत्पन्न न हो, इस आशय का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान सभी ने विपिन श्रीवास्तव को माला ओर फूल भेंट करते हुए विनम्रता पूर्वक आग्रह किया। इस मौके पर आनंद शर्मा, सचिन शर्मा, अमित तिवारी, मयंक शर्मा देवेंद्र किरार, विवेक धाकड़ आदि सदस्य मौजूद रहे।

सर्प दंश से 10 वर्षीय बालक की, करंट लगने से महिला की मौत

गुना। जिले के कुंभराज थाना अंतर्गत ग्राम बड़ागांव में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। महिला सुबह कचरा फेंकने घर से निकली थी, इसी दौरान वह ट्रांसफार्मर के पास करंट की चपेट में आ गई। परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गायत्री बाई पत्नी महेश ओझा (35) निवासी बड़ागांव की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक वह आज सुबह कचरा फेंकने गई थी। जहां ट्रांसफार्मर के पास एक डोरी लटकी हुई थी। उसी डोरी के टकराने से गायत्री बाई करंट की चपेट में आ गई और बेसुध होकर गिर गई। परिजन आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर फतेहगढ़ थाना अंतर्गत जागेश्वरी निवासी अशोक लोधी आज सुबह करीब साढ़े 5 बजे के आसपास खेत पर गए थे, उनके साथ उनका 10 वर्षीय इकलोता बेटा लोकेंद्र भी साथ चला गया। अशोक लोधी ने खेत पर पहुंचकर मोटर चालू कर अपना काम शुरू किया, इधर बालक भी खेत पर खेलने में लगा रहा। इसी दौरान बालक को सांप ने काट लिया, बालक की चीखने की आवाज सुनकर अशोक लोधी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी वहां सांप को देख लिया, वे उसे घर लेकर आए, जहां उसकी तबियत बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजन उसे कार से बोरखेड़ा लेकर पहुंचे, जहां उसे परिक्रमा आदि कराई गई। इसके बाद और ज्यादा तबियत बिगड़ी तो परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बालक की मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया।

विश्व हिंदू परिषद ने नगर पालिका और एमपीईबी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विश्व हिंदू परिषद के द्वारा नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया विवेक कालोनी गोशाला कि स्थिति बहुत दयनीय है अभी दो दिन पूर्व हमारे कार्यकर्ता जन्मदिन पर गोशाला में घास डालने गये थे उस समय गोमाता पूरी भूखी खडी थी व अन्दर कोई भी घास भूसा डला हुआ नही था गोमाता कि बद्दुआयें हम लोग झेल रहे है या तो गौमाता को टोटल वाहर छोड दिया जाए या फिर गौशाला में घास भूसा पानी आदि की व्यवस्था कि जाए। गोशाला गोमाता के लिए अभिषाप न बने ऐसी नगर पालिका प्रशासन से अपेक्षा है। इसके बाद एमपीईबी मुख्य अभियंता को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि अभी पहली बरसात में सभी लोहे के खंभो में करंट आ रहा है जिससे नानाखेडी सब्जी मंडी के पास लोहे के खंभे से करंट लगने से

गोमाता खतम हो गई इसी तरह बरसात में हर वर्ष सैकड़ों गौमाता उपकरण से खत्म हो जाती है इसमे कोई बडी जनहानी भी हो सकती है। गुना जिले में लोहे के खम्भों में जो करंट आता है इन खम्भों कि जांच कराकर इनको ठीक किया जाए जिससे कोई दुर्घटना में जनहानि व गोमाता को दुर्घटना से बचाया जा सके। विश्व हिन्दू परिषद व समस्त हिन्दू समाज आपका बहुत बहुत आभारी रहेगा । विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों के लिए बनेगा रैंप, कलेक्टर ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण

स्वच्छता, सुरक्षा और हरियाली पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में प्रशासनिक सुविधाओं को समावेशी और बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु रैंप निर्माण के लिए संभावित स्थलों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा रैंप बनने से दिव्यांगजन बिना किसी कठिनाई के प्रथम तल तक पहुंच सकेंगे और प्रशासनिक कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी।

स्वच्छता और सुरक्षा को प्राथमिकता

कलेक्टर कन्याल ने कलेक्टर परिसर और उसके आसपास की साफ-सफाई का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, "स्वच्छ परिसर न केवल एक सकारात्मक कार्य संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि यह नागरिकों के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।" इसके साथ ही उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में फायर सेफ्टी सिस्टम की स्थिति की भी समीक्षा की और आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा मानकों के पूर्ण अनुपालन पर बल देते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

हरियाली को मिलेगा बढ़ावा

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए कलेक्टर ने पंचायत विभाग को कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण कराने के निर्देश भी दिए। उनका कहा हरा-भरा परिसर कर्मचारियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

दीदी कैफे का निरीक्षण और प्रोत्साहन

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आजीविका मिशन के तहत संचालित 'दीदी कैफे' का भी दौरा किया और वहां कार्यरत दीदी श्री गंगा अहिरवार से संवाद किया। उन्होंने रसोई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद रखने और स्वच्छता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए । एवं बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया ।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती जीया फातिमा, पीआईयू से महेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह निरीक्षण न केवल प्रशासन की तत्परता और सजगता को दर्शाता है, बल्कि समावेशी विकास और नागरिक सुविधा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का भी परिचायक है।

ऊमरी मंडल 11 साल बेमिसाल विकसित भारत संकल्प सभा

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह वर्षों की उपलबधियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे कार्यकर्ता:जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ₹विकसित भारत का अमृत काल – सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल₹ विषय पर ऊमरी मंडल प्रभारी एवं जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने सोमवार को मंडल ऊमरी में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन-आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है। बीते 11 वर्षों में मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है, जिसके परिणामस्वरूप हम 'विकसित भारत' और 'अमृतकाल' को जमीन पर उतरते देख रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने गरीब और जन कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए हैं, जो देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाएंगे।

मंडल प्रभारी श्री जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल उपलब्धियों को हम सभी कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करे। मंडल स्तर पर 'विकसित भारत संकल्प सभा' का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता एवं पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरूबात किया गया। इस अवसर पर ऊमरी मंडल अध्यक्ष मोहन बारेला, ऊमरी सरपंच सोनू सिसोदिया, वरिष्ठ नेता फूल सिंह गुर्जर एवं चतर सिंह नायक, संजय ओझा मंचासीन रहे। कार्यक्रम संचालन मंडल उपाध्यक्ष स्वतंत्र ओझा ने किया एवं आभार चंद्र भान बारेला ने माना। संकल्प सभा में मंडल प्रभारी विकास जैन ने सभी कार्यकर्ताओं को विकसित भारत 2047 संकल्प का वाचन कर सभी को संकल्प दिलाया। साथ ही श्री जैन ने पार्टी के आगामी कार्यक्रम का पर्यावरण, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस से 6 जुलाई को उनकी जयंती तक विभिन्न सेवा कार्य कर मानने एवं 25 जून को कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष होने पर सेमिनार और लोकतंत्र सेनानी के सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर सभी बूथों पर कार्यक्रम संपन्न कराने की बात कही।

आरोन समाचार

आरोन में होगा अंतर्राष्ट्रीय संत सम्मेलन

आरोन। नगर के छतरी धाम पर प्रेस वार्ता रखी गई । जिसमें जगतगुरु

रामानुजाचार्य कृपा पात्र साध्वी राधा किशोरी जी उपस्थित रहीं । साध्वी राधा किशोरी जी ने बताया की आरोन नगर में अष्टोत्तर श्रीमद् भागवत महापुराण श्री कृष्ण कथा श्री कृष्ण जन्मभूमि संवाद का कार्यक्रम आयोजित होगा । संत सम्मेलन में आरोन की भूमि पर श्री कृष्ण जन्मभूमि संवाद पर अंतरराष्ट्रीय चर्चा होगी । जिसमें देश के प्रसिद्ध संत एवं कथा वाचक उपस्थित रहेंगे । राधा किशोरी जी ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी 2 वर्ष पूर्व से हो रही है । कार्यक्रम 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक चलेगा साध्वी जी के अनुसार कार्यक्रम में भारत देश के ही नहीं अपितु विदेश से भी संत पधारेंगे । जिसमें 600 श्री महंत 150 मंडलेश्वर 115 महामंडलेश्वर एवं 75 के लगभग अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक एवं संत उपस्थित रहेंगे प्रेस वार्ता में सभी नगर के महत्वपूर्ण पत्रकार वर्ग सम्मिलित हुए।

भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन की संकल्प सभा की बैठक संपन्न

आरोन। नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत के संकल्प को सरकार किया भारत का जागरूक नागरिक विकसित भारत 20-47 के संकल्प को पूर्ण करने के लिए संकल्पित है भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजीव सोनी सांसद प्रतिनिधि छगनलाल तिवारी जी पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रसाद शर्मा वार्ड नंबर 1 के पार्षद राजवीर रघुवंशी डॉक्टर राजीव सिंह कुशवाह उपाध्यक्ष भाजपा मंडल आदि ने भारतीय जनता पार्टी के 11 वर्ष मैं की गई उपलब्धियां को कार्यकर्ताओं अवगत कराया एवं जो कार्य 2014 में असंभव लगते थे वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री द्वारा भारत को विकसित बनाने के लिए किया गए जिसमें सबका साथ सबका विकास को सर्वोपरि रखते हुए तीन तलाक ब बफे बोर्ड संशोधन अधिनियम श्री राम मंदिर का निर्माण धारा 370 का हटना एवं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता विश्व का सबसे ऊंचा चिन्ह ब्रिज बनाना हाईवे एवं ट्रेनों का निर्माण कर यात्रा को सुगम बनाना विकास कार्यों को गति देकर विश्व में अर्थव्यवस्था में भारत चौथे स्थान पर पहुंच पहुंचने पर नरेंद्र मोदी का बहुत-बहुत आभार इस अवसर पर श्रवण कुमार जैन डॉक्टर कैलाश रघुवंशी राजू यादव तोलाराम सिलावट अनुसूचित जाति जिला मंत्री वर्षा कुशवाहा उपाध्यक्ष महिला मोर्चा बाला प्रजापति सौरभ श्रीवास्तव शेखर सुमन देवेंद्र शर्मा सचिन सप्रे महेंद्र यादव श्रवण व्हील गोविंद नायक विशाल सोनी बलवीर यादव देवेंद्र यादव रवि शंकर सेन प्रकाश मीणा मंच संचालन रविंद्र धाकड़ द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त डॉ राजीव राजावत द्वारा किया गया।

अभिभाषक संघ ने अहमदाबाद विमान हादसे और हेलीकॉप्टर क्रेश होने पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

अभिभाषक संघ ने अहमदाबाद विमान हादसे में हुई घटना एवं हेलीकॉप्टर क्रेश होने पर दिवंगत हुए देशवासीयो को लेकर श्रद्धांजलि सभा की। जिसमें मोन रखते हुए न्यायाधीश मनीष भट्ट, प्रियम सेन, डिम्पल कश्यप सहित अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्रीलाल श्रीवास्तव, विष्णु सिंह यादव,राजेंद्र शर्मा, सूर्यप्रकाश सोनी, अजय जैन, अवनीश राजोरिया,राजवीर सिंह, राजीव श्रीवास्तव, चंद्रभान सिंह, उदय सिंह यादव, अमित सेन, समीना बानो, संघ के सचिव रणजीत सिंह गौर उपस्थित रहे । मोन रख कर श्याम पांच बजे सभी अधिवक्ता गण ने शोक प्रकट किया।

विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय वर्ग का समापन

चाचौड़ा । विश्व हिंदू परिषद राधौगढ़ जिले का दो दिवसीय वर्ग का समापन श्री रामानंद आश्रम ख़टकिया में हुआ । समापन सत्र में प्रांत के धर्म प्रसार प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और दो दिवसीय सत्र विभाग मंत्री सुरेश शर्मा विभाग सह मंत्री दिलीप कुशवाह भाई साहब जिलाअध्यक्ष मुकेश शर्मा जिला मंत्री श्रीराम सोनी और वर्ग प्रबंधक वीरेंद्र तिवारी भाई साहब मार्गदर्शन मिला हुआ। जिला संगठन मंत्री पुष्पेन्द्र गौर एवं चारों प्रखंडों कीदायित्व बान कार्यकर्ता उपस्थित रहे1

आरोन में आयोजित हुआ 'एक शाम मित्रों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

विगत 30 से 35 वर्ष पूर्व अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत आरोन नगर परिषद में इंजीनियर के रूप में करने वाले पी.सी.जैन का सम्मान समारोह स्थानीय गार्डन में आयोजित किया गया।शुरुआत में सांस्कृतिक कार्यक्रम एक शाम मित्रों के नाम के तहत स्थानीय कलाकारों ने गीत,गजलों एवं कविताओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में स्थानीय कवि सुनील झंडा ने ₹वक्त की किताब के जब पन्ने पलटे जाएंगे₹ सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया।उल्लेखनीय है कि पूर्व में आरोन नगर परिषद में इंजीनियर के रूप में पदस्थ रहे पी.सी.जैन के कार्यकाल में आरोन का वर्तमान बस स्टैंड, इंदिरा पार्क,नेहरु पार्क, एसबीआई भवन,एवं अन्य विकास के कार्य सम्पन्न हुए।साथ ही साथ उन्होंने कार्य एवं व्यवहार से क्षेत्र के लोगों में अपनी जो छाप छोड़ी उसका ही यह प्रतिफल रहा कि श्री जैन के इंदौर नगर निगम से सेवा निवृत होने के बाद नगर वासियों एवं उनके इष्ट मित्रों ने आरोन के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए शहर के स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग को साथ लेकर पीसी जैन एवं धर्मपत्नि श्रीमति मंजू जैन एवं आरोन में ही पदस्थ रहे श्री गुप्ताको सपत्नीक शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमवीर सिंह रघुवंशी ने किया।इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष इफ्तिखार हुसैन, समाज सेवी गजानंद पटेल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संजीव सोनी,सरदार मल जैन इंदौर,प्रमोद बरसत, राकेश कालादेव,जितेंद्र सिंह दाऊ, सुनील झंडा, गुड्डा भूमरिया,बनवारी सोनी, किशन लाल शर्मा,राम भरोसा शर्मा , सुरेन्द्र जैन कंचू आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।कार्यक्रम के समापन पर सभी का वात्सल्य भोज भी कराया गया।

ग्राम पंचायत बरखेडा जागीर, टकनेरी व देवखेडी में विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन माननीय प्रधान एंव सत्र जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सतीश चंद्र शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में, न्यायाधीश/सचिव मनीष अनुरागी की उपस्थिति में सोमवार को अशोकनगर जिले के ग्राम पंचायत बरखेडा जागीर, टकनेरी और देवखेडी में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष अनुरागी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि छोटी-छोटी जमीन-जायदाद संबंधी विवादों और घरेलू समस्याओं के समाधान के लिए आम जनता अक्सर परेशान रहती है। ऐसी स्थितियों में कानूनी सहायता प्रदान करने हेतु, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते हैं। अनुरागी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा

संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, मध्य प्रदेश अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना-2015, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, और निःशुल्क विधिक सहायता योजना जैसी महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। ग्रामीणों को बाल विवाह और साइबर अपराधों के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस काउंसल अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह दांगी, ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अज्ञात ने गोली चलाई, महिला के पैर में जा लगी

अशोकनगर। चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम बड़ैरा से एक 45 वर्षीय महिला को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार करा रही महिला राजवती पति करतार सिंह यादव ने बताया कि हमारी गांव में किसी से दुस्मनी नहीं है मैं अपने परिवार जनों के साथ घर के बाड़े में बैठी थी। तभी घर के पीछे से आकर एक पत्थर मैरे पैर में लगा जिससे वह घायल हो गई। जब मेरे आसपास देखा गया तो कई गोली के छर्रे तब पता चला कि मेरे तो पैर में गोली लगी है। इसी मामले में महिला के पुत्र कृष्णपाल यादव ने बताया कि मैं भी अपनी मां के साथ बैठा था। घर के पीछे से किसने गोली चलाई यह तो हम नहीं देख पाए । इस दौरान मेरी मां को गोली लगने से घायल हो गई। हमने डालय 100 को फोन किया पुलिस मौके पर जा पहुंची। जांच के दौरान गोली के छर्रा मौके पर मिले हैं जब घर में जांच चल रही थी तभी हमारे मोहल्ले के कुछ लोग आए थे। इस जांच के दौरान एक जीवित कारतूस भी मिला है। यह कारतूस हमारे बाड़े में कहां से आया यह भी हमें समझ नहीं आया। पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर ली है। परन्तु हमारी शिकायत की एफआईआर हमें नहीं दी।

मुंगावली में ट्रैक्टर चला रहे किसान पर बिजली गिरी मौके पर ही मौत

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आकाशीय बिजली गिरने से एक 36 वर्षीय किसान मलखान पुत्र गंभीर सिंह अहिरवार निवासी ग्ारम डावरी चक की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया गया है कि मलखान अपनी ससुराल पारकना में खेत पर टेक्टर चला रहा था इसी दौरान बारिश होने लगी। बिजली कड़कने के बाद मलखान अहिरवार के ऊपर आ गिरी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बिजली गिरने के बाद मलखान अहिरवार को मुंगावली अस्पताल में ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अशोकनगर पुलिस की प्रभावी कॉम्बिंग गश्त

40 स्थाई वारंटी और 38 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारी सहित 250 से अधिक पुलिसकर्मियों ने एक साथ कॉम्बिंग गश्त में भाग लिया । आदतन अपराधियों के घरों पर दी देर रात्रि औचक दस्तक, असामाजिक तत्वों को किया गया देर रात्रि में चेक। 40 स्थाई वारण्टी एवं 38 गिरफ्तारी वारण्टी गिरफ्तार किए गये।

उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अशोकनगर विनीत कुमार जैन द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारियों को 15 और 16 जून की दरमियानी रात मे प्रभावी "कॉम्बिंग गश्त" करने हेतु निर्देशित किया गया था। समस्त थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये थे कि "कॉम्बिंग गश्त" के दौरान अधिकतम संख्या में इनामी आरोपी, स्थाई वारंटियों एवं गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया जाए तथा लिस्टिेड गुंडों एवं निगरानी बदमाशों की विशेष रूप से चैकिंग की जाए।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर त्र विवेक

शर्मा एवं एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं समस्त चैकी प्रभारी सहित 250 से अधिक अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक कॉम्बिंग गश्त की गई। इस प्रकार सम्पूर्ण जिले में "कॉम्बिंग गश्त" के दौरान 40 स्थाई वारण्टी एवं 38 गिरफ्तारी वारण्टी गिरफ्तार किए तथा 53 लिस्टेड गुंडा बदमाश एवं 40 हिस्ट्रीशीटर चैक किए। उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अशोकनगर विनीत कुमार जैन द्वारा बताया गया कि कॉम्बिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी और अपराध पर नियंत्रण पाना है।

जन संस्कृति मंच की पहली इकाई गठित, हरगोविंद पुरी बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर में जन संस्कृति मंच की पहली इकाई का गठन रविवार को किया गया है। बैठक का आयोजन कवि हरगोविंद पुरी के निवास पर किया गया। इकाई के पहले अध्यक्ष हरगोविन्द पुरी बनाए गए। सचिव पद की जिम्मेदारी रंगकर्म के क्षेत्र से जुड़े निर्देशक और अभिनेता जसपाल बांगा को दी गई है। संस्कृतिकर्मी हरिओम श्रीवास्तव को संस्था का उपाध्यक्ष बनाया गया है। सहसचिव दुर्गेश भार्गव और कोषाध्यक्ष देवेश जौनवार बनाए गए। कार्यकारिणी में कवि भानुप्रकाश रघुवंशी, महेश कुशवाहा, श्याम सुंदर मुदगल और रईस खान को शामिल किया है। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी पत्रकार राजेन्द्र रजक को सौंपी गई। बैठक के प्रारंभ में सदस्यों ने बृजमोहन के सुप्रसिद्ध गीत लड़ते हुए सिपाही का गीत बनो रे हारना है मौत तुम जीत बनो की प्रस्तुति दी। जन संस्कृति मंच के संविधान का वाचन हरगोविंद पुरी ने किया। गठन के दौरान बैठक की अध्यक्षता संगीतकार और गायक श्यामसुंदर मुदगल ने की। संचालन जसपाल बांगा ने किया। बैठक में सभी सदस्यों ने आपस इस बात को लेकर विमर्श भी किया कि वे मंच से क्यों जुड़ रहे हैं? चर्चा के दौरान सभी सदस्यों ने यह माना कि अंधेरे समय से मुठभेड़ के लिए जन संस्कृति मंच जैसे सक्रिय संगठन से जुड़ाव बेहद आवश्यक है। सभी सदस्यों ने विधिवत ढंग से प्रपत्र भरकर सदस्यता ग्रहण की और आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा पर विस्तार से विमर्श किया।

पंजाबी परिवार की अदभुद मिशाल: 163 में...

मुक्तिधाम में कराया था धर्मशाला का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय के मुक्तिधाम पर समाज सेवा का एक अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिलता है यह उदाहरण आज कल समाज सेवियों के लिए एक मिशाल है। जब शहर में धर्मशाला मांगलिक कार्यों के लिए हुआ करती थी लेकिन मांगलिक कार्यों के लिए धर्मशाला का निर्माण न कर एक पंजाबी परिवार में अशोकनगर के मुक्तिधाम पर धर्मशाला का निर्माण कराया। यह परिवार वर्षों तक अशोकनगर में रहा अब परिवार यहां से चला गया है लेकिन धर्मशाला और उस पर लिखा शिलालेख आज भी लोगों को उनके द्वारा किए गए धर्मशाला के निर्माण को याद दिलाता है।

जिस धर्मशाला का निर्माण इस मुक्तिधाम पर हुआ था उसे समय यहां कोई साधन नहीं थे न कोई सुविधा थी शहर से बाहर यह मुक्तिधाम होने के कारण लोगों को अंतिम संस्कार के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े इसलिए गोविंद राम पंजाबी एवं उनके पुत्र गोपाल दास और ओमप्रकाश द्वारा इस धर्मशाला का निर्माण 1963 में कराया गया था। इस धर्मशाला के निर्माण के विषय उनका सीधा उददेश रहा होगा कि यहां आने वाले लोग धूप और वर्षा में परेशान न हो और जब तक अंतिम संस्कार नहीं हो जाता तब तक इस

धर्मशाला में रूककर अपना स्वयं का बचाव कर सके मानव सेवा का यह अनुकरणीय उदाहरण है। उन तमाम समाज सेवियों के लिए सोचने को विवश करता है। शमशान घाट का यह मुक्तिधाम एक व्यक्ति की यात्रा का अंतिम स्थान होता है जहां व्यक्ति पंच तत्वों में विलीन हो जाता है। यहां पर तमाम प्रकार की सुविधा आज भले ही नजर आती है लेकिन इसके पहले जब यह धर्मशाला बनी थी तब यहां कुछ भी नहीं था और यहां देर सवेर पहुंचने वाले लोगों के लिए इसी स्थान पर रुकना पड़ता था। अंतिम संस्कार के लिए जाना हो या फिर अस्थी संचय करना हो तब यही स्थान लोगों के लिए धर्मशाला का कार्य करता है। यहां नगर पालिका ने पिछले वर्षों में शहर के निर्माण कराए हैं और अंतिम संस्कार के स्थान भी बढ़ाएं हैं साथ में यहां पेड़ों की हरियाली भी देखने मिलती हैं। पानी के लिए प्लेटफार्म भी लगा हुआ है और यही मुक्तेश्वर महादेव का मंदिर भी है यह सब सुविधा बाद में तैयार की गई है आज के समय में जब लोग धर्मशालाओं का निर्माण कराते थे लेकिन आज धर्मशालाएं नजर नहीं आती अगर मुक्तिधाम मे यह धर्मशाला बनाई गयी थी तो उस परिवार के क्या भाव रहे होगें ऐसे भाव आज के लोगों में देखने को नहीं मिलते। मुक्तिधाम की यह धर्मशाला और उस पर लगा शिलालेख हमें उनके इस त्याग और समाज सेवा के संकल्प को याद दिलाता है।

जल गंगा संवर्धन अभियान पर हुई चर्चा

प्रस्फुटन समिति के पुनर्गठन हेतु चौपाल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ईसागढ़ ब्लॉक के सेक्टर क्र 4 महिदपुर के अंतर्गत नव अंकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महाना के सहयोग से जल चौपाल का आयोजन ग्राम महाना मे किया।

चौपाल में ब्लॉक समन्वयक द्वारका पाठक ने समिति के पुनर्गठन तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में बताया। समितियां के उद्देश्य तथा कार्यों पर प्रकाश डाला तथा पानी बचाने के छोटे-छोटे उपाय बताएं। चैपाल में नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति के अध्यक्ष कुमार संभव, रामकुमार रघुवंशी, अध्यक्ष ब्रजेश धनोरिया, सचिब सहित दोनों ग्राम के समिति के सदस्य उपस्थित थे। महाना समिति के सदस्यों ने ग्राम के हेण्डपम्प के पास साफ-सफाई कर श्रमदान किया, कार्यक्रम के अंत में जल बचाने के लिए ग्रामीणों को जल की शपथ दिलाई।

खबर संक्षेप

युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया

अशोकनगर। पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम कजराई निवासी 40 वर्षीय युवक सुनील पुत्र प्रेमनारायण अहिरवार को जहरीले पदार्थ का सेवन करने के बाद तबियत खराब होने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार करा रहे युवक ने बताया कि उसने घर पर रखी सब्जी में डालने वाली दवा पीली जिससे उसकी तबियत खराब हो गई। युवक का उपचार किया जा रहा है।

स्पीड ब्रेकर पार करते समय 4 व्हीलर वाहन पलटा,युवक घायल

अशोकनगर। पडौसी जिला गुना के बूढे बालाजी निवासी 30 वर्षीय युवक दीपक पुत्र पर्वत सिंह यादव को घायल अवस्था मे लाया गया जिसका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। जहां घायल ने बताया कि वह अपने मामा के यहां केशोपुर आया था। जब वह वापिस जा रहा था तभी केशोपुर के समीप सड़क मार्ग पर स्पीड ब्रेकर पार करते समय मेरा 4 व्हीलर वाहन असंतुलित होकर खेत में जाकर पलट गया। जिसे उसे चोटे आईं हैं।

सीढ़ी से फिसलकर महिला घायल

अशोकनगर। ईसागढ़ पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम गहोरा निवासी कलिया बाई पति बाबूलाल लोधी उम्र 55 वर्ष का घायल अवस्था में उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। जहां उपचार करा रही महिला ने बताया कि वह घर की छत पर सो रही थी सुबह उठने के बाद वह जीना से सीढी उतर रही थी तभी उसका पैर फिसल जाने से नीचे जा गिरी जिससे वह घायल हो गयी। यह घटना सुबह 7:30 बजे की बताई जा रही है।

टीन लगने से 24 वर्षीय युवती घायल

अशोकनगर। जिले के बिजौरी गांव निवासी रानीबाई पति भानू यादव उम्र 24 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार करा रही युवती ने बताया कि वह घर के आंगन में काम कर रही थी तभी तेज हवा के साथ लोहे की चादर मेरे सिर पर आ लगी जिससे महिला को चोटे आईं है।

35 वर्षीय महिला सीढ़ी उतरते समय घायल

अशोकनगर। देहात थाने के अंतर्गत स्थानीय शंकर कॉलोनी निवासी भागवती विश्वकर्मा पति करण विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल महिला के परिवार जनों ने बताया कि महिला घर के छत की सफाई करने के लिए सीढ़ी से छत पर जा रही थी जाते समय वह सीढी से फिसल कर गिर जाने से उसे चोटे आई हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरिओम पाराशर निवासी पाराशर मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजनारायण, मनोज, विशाल पाराशर कुटी एवं जमीन छोड़ने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौदा आलम निवासी जगभान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूरा, और अभिषेक यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

आधार पंजीयन केन्द्र संचालित करने हेतु आवेदन 30 जून तक

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार ऐसे नागरिक जिनके पास यूआईडीएआई के निर्धारित स्पेसिफिकेशन अनुसार चालू स्थिति में आधार पंजीयन किट उपलब्ध है और वह आधार सुपरवाईजर की परीक्षा उत्तीर्ण हैं, ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी शासकीय कार्यालयों में स्वान नेटवर्क पर तथा जहां स्वान नेटवर्क उपलब्ध नहीं हैं माध्यम से आधार पंजीयन कार्य प्रारंभ करने हेतु अपनी आधार पंजीयन किट जिला ई-गवर्नेस सोसायटी अशोकनगर को उनके नियम एवं शर्तों का पालन करके नियत प्रक्रिया अनुसार विक्रय कर शा कार्यालय में शर्तों के अधीन 30 जून 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने दिए निर्देश

शहर के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारी क्षमताओं के साथ कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारी पूर्व अनुभव एवं क्षमताओं के साथ कार्य करें, जिससे जिले के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके। साथ ही शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन जिले में बेहतर कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली आगामी दिशा बैठक की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए की चंदेरी, मुंगावली तथा अशोकनगर में केंद्रीय मंत्री की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति ऑनलाइन दर्ज की जाकर संबंधित आवेदक को सूचित किया जाए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की सभी विभागों द्वारा आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें, इसकी जिम्मेदारी जिला अधिकारियों की होगी। समग्र का आधार से ई-केवायसी की निकायवार तथा खाद्य विभागवार अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के तहत विभागवार लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में सुधार लाएं। सीएम डैशबोर्ड की रैंक में जिले को आशातीत सफलता मिली है, और भी बेहतर कार्य करने हेतु निर्देशित दिए। बैठक में स्कूल चलें हम अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की स्कूल प्रारंभ हो गए हैं। जिला अधिकारियों को आवंटित किए गए स्कूलों का भ्रमण कर पालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करें। स्कूलों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों की आंगनवाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण कर मीनू अनुसार बंटने वाले नाश्ता, भोजन की गुणवत्ता को भी परखें। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण कराए जाने हेतु कार्य योजना तैयार कर अधिक से अधिक पौधरोपण कराए जाएं। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अदिति सिंह, समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने अनुसूचित जाति जनजाति निवारण अधिनियम अंतर्गत जिले के विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने दर्ज प्रकरणों में प्राप्त राहत हेतु राहत स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा कर निर्देश दिए कि कोई भी राहत प्रकरण अनावश्यक रूप लंबित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दर्ज प्रकरणों के निचले एवं विशेष न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए।बैठक में आकस्मिकता योजना, पीड़ितों को स्वीकृत, वितरित राहत राशि, पुनर्वास के लिए दी गई सहायता, न्यायालय में पंजीकृत प्रकरण एवं उनका निराकरण के संबंध में प्रकरणवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

परिवारजनों ने डॉक्टर न आने के आरोप लगाए

सर्प ने दो चचेरे भाईयों को डसा एक की मौत, एक भोपाल रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के चंदेरी सिविल अस्पताल में सर्प दंस के बाद एक ही परिवार के दो चचेरे भाईयों को उपचार के लिए लाया गया जहां एक की मौत हो गई और दूसरे को जिला अस्पताल के बाद भोपाल रैफर किया गया है। परिवार ने समय पर डॉक्टर न आने के आरोप लगाए हैं। शिकायत पर तहसीलदार दिलीप दरोगा भी अस्पताल पहुंचे।

पूरे मामले की कहानी यह है कि सोमवार को वार्ड क्र 21 फतेहाबाद निवासी के घर में एक सर्प ने एक ही परिवार के दो चचेरे भाईयों को डश लिया था जिसमें बड़े भाई विजय कुशवाह के पुत्र शेलेन्द्र उम्र 8 साल और छोटे भाई कमल कुशवाह के पुत्र हरिओम उम्र 8 साल शामिल थे। इस घटना के बाद दोनों चचेरे भाईयों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल चंदेरी ले जाया गया। जहां डॉक्टर मौके पर मौजूद नहीं थे मौजूदा नर्स द्वारा डॉक्टर से फोन पर बात कर इंजेक्शन लगाया गया। इस दौरान शेलेन्द्र कुशवाह की मौत हो गई। जिसके बाद परिवार जन उसे झाड़-फूक के लिए एक स्थान पर ले गये जबकि हरिओम कुशवाह को

उपचार के लिए जिला अस्पताल अशोकनगर लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे उपचार के लिए भोपाल भेजा गया है। घटना के बारे में परिवार जनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में परिवार जनों का कहना है कि डयूटी पर कोई डॉक्टर नहीं आया जिसे लेकर अशोकनगर कलेक्टर को अवगत कराया गया है। बाद में एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार दिलीप दरोगा चंदेरी अस्पताल पहुंचे। इस दौरान मौजूदा डॉक्टर का कहना है कि वह डयूटी पर ही थीं चाहे तो उसके कैमरे में फुटेज भी देख सकते हैं। सवाल यह है कि जिले के कलेक्टर अस्पताल में व्यवस्थाएं सुधारने के लिए दिन-रात पसीना बहा रहे हैं उसके बाद भी अगर अस्पतालों में व्यवस्थाएं नहीं सुधर रही हैं। तो इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्यवाही की जरूरत है।

न्यायालय परिसर में रैन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पंच-ज अभियान अंतर्गत संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर अशोकनगर में जल संरक्षण हेतु रैन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम का निर्माण किया गया।

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व प्रथम जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल की उपस्थिति में पंच-ज अभियान अंतर्गत संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर अशोकनगर जल संरक्षण हेतु वर्षा काल के दौरन में जल को अधिक से अधिक संरक्षित करने के लिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया। जिससे पानी की बर्बादी कम हो इसके लिए संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर अशोकनगर में सोखते गड्ढो का निर्माण किया गया। जहां जल की उपलब्धता को बढाने के लिए अनेक सोखते गड्ढो का निर्माण किया गया जिससे मानसून में अधिक से अधिक पानी को बहने से बचाकर कर गड्ढो में संरक्षित रखा जा सके।

भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा पानी के संरक्षण हेतु विभिन्न योजनाओ चलाई जा रही है जिसमे जल गंगा संवर्धन, एक पेड़ मॉ के नाम अभियान, कैच दा रैन अभियान, संपूर्ण भारत देश में चालए जा रहे है। जिसका मुख्य उदेश्य पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण करना है। इसी तरतम्य में मध्यप्रदेश राज्य विधिक प्राधिकरण के निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा पंच-ज अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जन जंगल जमीन जानवर एवं जल का संरक्षण किया जाना है। जल संरक्षण हेतु जिला प्रशासन के साथ रैन वाटर हार्वेस्टिंग कि जा रही है। जिसमें नगर पालिका एवं जिला प्रशासन कि मद्द से गहरे गड्ढों का निर्माण, जल भारव का स्थान का आदि बनाये जा रहे है। प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के द्वारा संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर मंदिर के समीप जिला न्यायालय अशोकनगर में गहरे गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है। जिससे कि इस वर्षा-रितु मे जल वाहव को रोकने, जल को इकठा कर जल स्तर को बढ़ाने आदि शामिल है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा ने एक जन संदेश भी दिया जिसमें उन्होनें अन्य सरकारी विभाग, गैर सरकारी संगठन एवं संस्थानो से अग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक जल के बहाव को रोके और जल बहाव को रोकने की प्रक्रिया रैन वाटर हार्वेस्टिंग, सोखते गड्ढों का निर्माण, स्टाप डैम आदि का निर्माण करें जिससे जल स्तर को बढाया जा सके एवं पानी की कमी से निजात मिल सके।इस अवसर पर न्यायाधीश /सचिव मनीष अनुरागी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय अशोकनगर किरण तुमराची धुर्वे, न्यायाधीश सोनल गुप्ता, न्यायाधीश शुभम द्विवेदी, न्यायाधीश प्रिया चैहान, अध्यक्ष अभिभाषक संघ अशोकनगर चंद्रशेखर आदि रहे मौजूद।

योजना का बेहतर क्रियान्वयन होने पर सरपंच सचिव व स्वसहायता समूहों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल, हर घर जल के तहत जिले में कार्य किये जा रहे हैं। जल जीवन मिशन अन्तर्गत पीएचई विभाग एवं जल निगम के संयुक्त प्रयास से नल जल योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। अशोकनगर जिले के ग्राम सेहराई में नल जल योजना के बेहतर क्रियान्वयन होने पर कलेक्टर द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायत सेहराई के सरपंच,सचिव, स्व सहायता समूहों,पंप ऑपरेटर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत विकासखण्ड मुंगावली के ग्राम सेहराई में नल जल योजना के माध्यम से समस्त 874 परिवारों को प्रतिदिन 55 लीटर प्रति व्यक्ति के मान से नल के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम की नलजल योजना में जल कर के रूप में 100 रूपये प्रति परिवार के मान से 100 प्रतिशत जलकर एकत्रित किया जा रहा है। ग्राम सेहराई की नल जल योजना जिले में आदर्श नलजल योजना के रूप में स्थापित हुई है। नल जल योजना का संचालन व संधारण, जलकर वसूली,एफटीके से जल नमूनों का परीक्षण एवं पेयजल के संबंध में प्रचार-प्रसार, ग्राम की ही महिला समूह (राधिका स्व सहायता समूह) एवं जयदीप स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। जिसे ष्जल सखीष के रूप में क्षेत्र में पहचान हासिल हो रही है। महिला स्वसहायता समूह नल जल योजना से लगभग 80 हजार रूपये प्रतिमाह जलकर वसूल कर रही है, जिससे ग्राम पंचायत को भी वित्तीय प्रबंधनों में सहायता मिल रही हैं एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को भी वित्तीय लाभ मिल रहा है। जिले में संचालित सभी नल जल योजनाओं में जल सखी को स्थापित करना है। इस तरह के नवाचार से महिलाएँ सामाजिक एवं आर्थिक स्तर पर सशक्त हो रही हैं। साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं।

मुनिश्री ने अशोकनगर में चातुर्मास को लेकर आश्वस्त किया

कल का पुरूषार्थ आज का भाग्य बन जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर बालों ने जितना पुरूषार्थ किया है उससे उनका हक बनता है ये मेहनत करने में पीछे नहीं रहे। आचार्य श्री ने भी अशोकनगर थूवोनजी के लिए संकेत भेजें थे। वर्षो से क्या बच्चे बूढ़े सभी आ रहें हैं ऐसी बात नहीं है तीस साल पहले से ही चातुर्मास तो दो दो हुए हैं अब दिशा तो बही है फिर भी सचेत रहें मेहनत करते रहे पुरुषार्थ सील व्यक्ति को सफलता अवश्य मिलती है। हमें पुरूषार्थ में कमी नहीं करना। कल का पुरूषार्थ आज का भाग्य बन जाता है।

मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि अशोकनगर समाज जागरूक समाज है इतने वर्षों में मैंने कभी इनका उत्साह कम नही होते देखा। उन्होंने संकेत देते हुए कहा कि ऐसा ही उत्साह आज राहतगढ़ में भी देखने को मिला लोग कह रहे थे फूल वरस रहे हैं। चिंता मत करो आगे गुलदस्ता मिलेगा और आगे तो पूरा बगीचा सज रहा है भक्ति की यही विशेषता होती है।

चातुर्मास हेतु अशोक नगर समाज श्री फल भेंट किए

इसके पहले आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ को आज राहतगढ़ पहुंच कर अशोक नगर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, उपाध्यक्ष अजित वरोदिया, प्रदीप ताराइ, मंत्री शैलेन्द्र श्रागर, मंत्री विजय धुरार्, मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार, आडीटर संजय केटी, संयोजक उमेश सिघई, मनोज रन्नौद, थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन, टींगू उपाध्यक्ष, संजीव श्रागर ,संजीव महावीर महामंत्री मनोज भैसरवास, शालू भारत विनोद मोदी, विपिन सिंघइ, शैलेन्द्र दददा, नितिन के साथ सभी संगठनों थूवोनजी कमेटी जैन मिलन जैन युवा वर्ग जैन जागृति मंडल भक्तांबर मंडल गंज गांव मन्दिर सहित अन्य प्रमुख संगठनो के साथ सभी भक्तों ने अशोक नगर चातुर्मास हेतु श्री फल भेंट किए ।

त्रिकाल चैबीसी से अशोकनगर की पहचान देशभर में है-नपा अध्यक्ष मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने मुनिश्री से पूरे अशोकनगर वासियों की ओर से निवेदन करते हुए कहा कि गुरु देव आपने हमारे नगर में श्री शान्ति नाथ त्रिकाल चैबीस का ऐतिहासिक महोत्सव कराया तव से ही आप पूरे अंचल के हदृय में वस रहें हैं सातों समाज आपके आगमन की तैयारियों में लगे हैं हम भी वस यही निवेदन लेकर आयें है जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अशोक नगर थूवोनजी कमेटी सभी सेवा भावी संगठन आज आपके चरणों में चातुर्मास का श्री फल भेंट कर अपने को धन्य मान रहे हैं वर्षो की आश को हम सब इस वार पुण्य में आतुर हैं ।

सेवा संस्था खोरीबरी द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान खोक्सी निलंबित

अशोकनगर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगावली मनीष धनगर द्वारा गंभीर अनियमितताएं पाये जाने पर शासकीय उचित मूल्य दुकान खोक्सी (4603075) को सेवा संस्था खोरीबरी से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही उपभोक्ताओ के हितो को दृष्टिगत रखते हुये अस्थायी रूप से वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में अन्य आदेश तक सेवा संस्था नरखेडा द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान रूसल्ला दुकान कोड (4603074) से संबंद्ध किया गया है। उक्त संस्था विक्रेता की नियुक्ति कर पंचायत मुख्यालय खोक्सी से दुकान का संचालन करेगी। उल्लेखनीय है कि सेवा संस्था खोरीबरी द्वारा संचालित अटेच शासकीय उचित मूल्य दुकान खोक्सी (4603075) की जनसुनवाई अशोकनगर में 25 मार्च 2025 को आवेदन प्रस्तुत कर 02 माह का राशन न वितरण करने की शिकायत की गई थी। जिसकी जांच कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चंदेरी श्री संजीत सिंह एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अशोकनगर मोनिका जैन द्वारा की गई। जांच में गम्भीर अनियमितताये पाये जाने से संबंधित प्रबंधक/विक्रेता को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था। संबंधितों द्वारा निर्धारित समय अवधि में जबाव प्रस्तुत नही किया गया एवं विक्रेता को बार बार निर्देशित करने के वाद भी ई केवायसी में प्रगति भी नही लाई गई।

रेल विभाग अंडरब्रिज को लेकर गंभीर नहीं

वर्षा के बाद अंडर ब्रिज से वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मानसून की वर्षा का मध्यप्रदेश में आगमन हो गया है यह खबर जिले के लोगों के लिए किसी बड़ी खुशखबरी से काम नहीं है। जिले के लोगों को कई दिनों से अच्छी वर्षा का इंतजार था बीती रात भी शहर में वर्षा हुई और सोमवार की दोपहर में भी शहर में बर्षा दर्ज की गई। अंडर ब्रिज यहां समस्या बना हुआ है।

अंडर ब्रिज के अंदर से निकलने वाले लोगों को पानी भरा होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा है। यहां पानी अंदर तो भरा रहता ही है ऊपर से भी पानी टपकता रहता है अंडर ब्रिज को लेकर रेल विभाग गंभीर नहीं है उसे यहां से निकलने वाले लोगों की चिंता भी नहीं है । यह अंडर ब्रिज लोगों की समस्याओं को बढ़ा रहा है और कभी भी कोई घटना इस के अंदर हो सकती है इससे रेल विभाग बेखबर है। जबकि अब जितने भी स्थान पर आप देखेंगे अंडर ब्रिज बने हैं तो अंडर ब्रिज के ऊपर शेड भी लगे हुए हैं ताकि अंडर ब्रिज के अंदर पानी न भर सके। और लोग आसानी से यहां से अपने वाहन निकाल सके लेकिन न तो अंडर ब्रिज का फर्श ठीक

कराया जा रहा है न पानी से बचाव के लिए शेड लगाया जा रहा है। कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है। इस अंडर ब्रिज के दोनों बिजली की लाइट लगाए जाने की आवश्यकता है इस पर भी कोई ध्यान नहीं है । अंडर ब्रिज के अंदर से जहां से पानी की निकासी होनी है उसकी सफाई भी रेल विभाग द्वारा नहीं कराई जा रही है आखिर कैसे चलेगा काम। क्यों रेल विभाग इस पर गंभीर नहीं है । तमाम बैठकों में इस मुद्दे पर चर्चा भी होती है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। वर्षा के मौसम में तो और भी समस्याएं इस अंडर ब्रिज से निकलने में सामने आ रही है। शहर में वर्षा होने से मौसम जो लपट भरा चल रहा था उससे लोगों को राहत मिली है अब पंखे भी ठंडी हवा देने लगे हैं । आने वाले दिन और भी मानसून की वर्षा के होंगे। किसानों को भी मानसून की अच्छी वर्षा होने का इंतजार है ताकि वह समय पर खरीफ की फसलों की बोवनी कर सके।

राष्ट्रीय गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

'अपने वैभवशाली इतिहास से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा गुर्जर समाज'

7 सूत्रीय मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गुर्जर समाज के गौरवशाली इतिहास से हर जगह छेड़छाड़ की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई ऐसे केस सामने आ चुके हैं जहां गुर्जर समाज के महापुरुषों के सम्मान से जुड़े मामलों में अनदेखी की जा रही है। कहीं एतिहासिक धरोहरों से गुर्जर शब्द हटाए जा रहे हैं तो कहीं मंदिरों के बाहर लगे बोर्डस आदि को हटवाया जा रहा है।

उक्त आरोप राष्ट्रीय गुर्जर समाज स्वाभिमान संघर्ष समिति से जुड़े गुर्जर समाजजनों ने लगाए हैं। इस संबंध में समिति जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में समाज के अनेकों लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम अपनी 7 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि यदि एक माह के अंदर उनकी मांगे पूरी नहीं होती हैं तो गुर्जर समाज द्वारा राजधानी भोपाल में प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

बोर्ड का हो सुचारू संचालन शब्दों में न हो हेरफेर

ज्ञापन में उल्लेख है कि देवनारायण बोर्ड के गठन को मप्र में 5 साल से अधिक समय बीतने के बाद भी उसका सुचारू रूप से संचालन नहीं हो पा रहा है। इस कारण बोर्ड की योजनाओं का लाभ समाजजनों को नहीं मिल रहा है। ऐसे में बोर्ड का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश के भिंड जिले में पुरातत्व विभाग के अधीन गुर्जर प्रतिहार कालीन बोरेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। मंदिर में लगे पुरातत्व विभाग के बोर्ड को प्रशासन के द्वारा दो वर्ष पूर्व वहां से हटा दिया गया था इससे समस्त गुर्जर समाज में रोष व्याप्त है। मांग रखी गई कि ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर ससम्मान गुर्जर प्रतिहार शब्द पुनः अंकित कर बोर्ड लगाया जाए। मुरैना जिले में स्थित गुर्जर प्रतिहार कालीन एतिहासिक धरोहरों जैसे चैंसठ योगिनी मंदिर, पड़ावली, बटेश्वर मंदिर श्रृंखला जहां पूर्व में गुर्जर प्रतिहार वंश का पूर्ण इतिहास लिखा हुआ बोर्ड लगा था उसमें छेड़छाड़ कर सिर्फ प्रतिहार शब्द का उल्लेख किया गया है। भारतीय पुरातत्वविद के.के. मोहम्मद की रिपोर्ट के आधार पर गुर्जर प्रतिहार शब्द को पुनः अंकित करवाया जाए।

गुर्जर समाज के महापुरुषों की लगे प्रतिमाएं

ज्ञापन में आगे मांग रखी गई कि वीर गुर्जर क्षत्रिय समाज ने सदियों से इस देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया है। मां पन्ना गुर्जर, राजा विजय सिंह गुर्जर, कोतवाल धनसिंह गुर्जर, विजय सिंह पथिक, सरदार वल्लभ भाई पटेल, राजेश पायलट, कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला सहित समाज के अन्य महापुरुषों की प्रतिमाएं प्रदेश के हर जिले में लगवाई जाएं। वहीं, इन महापुरुषों के नाम पर सड़कों, अस्पतालों, चैराहों का नामकरण किया जाए। इसके साथ ही 2023 में ग्वालियर में हुए गुर्जर आंदोलन में समाज के निर्दोषजनों पर हुई एफआईआर का खात्मा करवाया जाए। इसके साथ ही आरक्षण संबंधी मांग भी उक्त ज्ञापन में रखी गई।

अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर सीएमओ ने थमाया नोटिस

भवन स्वामी बोली - नहीं की एक इंच जमीन भी कब्जा, स्वीकृत हुआ था पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

250 वर्गफिट भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कर अपना जीवन वसर करने वाली अलका गौड पति अशोक गौड उस समय परेशान हो गए जब 13 जून को नगरपालिका ब्यावरा द्वारा जारी सूचना पत्र में संबंधित से स्वामित्व एवं भवन निर्माण की अनुमति संबंधित दस्तावेज निकाय में प्रस्तुत करने को कहा गया। सूचना पत्र में कहा गया कि स्वामित्व से अधिक भूमि पर लेन्टर निकाल कर अवैध निर्माण किया गया है। यदि समय पर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिस पर अलका गौड का कहना है कि हमारे पास मात्र 250 वर्गफिट जमीन है जिस पर हमने पीएम आवास बनाया है और पीएम आवास के लिए किसी तरह की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। अलका ने अपने पड़ोसी पर द्वेषपूर्ण भावना रखने एवं इस तरह से परेशान करने का आरोप लगाया है। जबकि उन्होंने किसी भी तरह की जमीन पर कब्जा नहीं किया है।

इनका कहना है

शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर हमने उत्तर मांगा था। आज में खुद जाकर स्थिती को देखूंगा।

इकरार अहमद
सीएमओ नगरपालिका ब्यावरा

रेलवे लाइन में कार्यरत मजदूर की अज्ञात कारणों से मौत, साथियों ने पहुंचाया अस्पताल

राजगढ़। क्षेत्रान्तर्गत भोपाल-रामगंज मंडी रेलवे लाइन का कार्य द्रुत गति से चल रहा है। रेलवे के इस कार्य में भारत के विभिन्न राज्यों के मजदूर विभिन्न कामों में लगे हुए हैं। मुख्यालय से करीब 8 किमी की दूरी पर स्थित मदापुरा के समीप रेलवे ब्रिज भी निर्माणाधीन है। इसी रेलवे ब्रिज में काम करने वाले असम राज्य निवासी एक मजदूर की मंगलवार को अज्ञात कारणों से मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार भगत पिता जीवन जाति खौदाल उम्र 40 वर्ष निवासी जिला सोनितपुरा, आसाम निर्माणाधीन रेलवे पुल में मजदूरी का काम करता है। सोमवार को भगत खाना खाकर लैबर कैंप में सो गया था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर साथी कर्मचारियों द्वारा भगत को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भगत की मृत्यु किन कारणों से हुई है इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो पाएगा। अस्पताल पुलिस ने चौकी ने मर्ग कायम कर उसे कोतवाली थाने के लिए अग्रेषित किया है।

अचानक भर-भराकर गिर गया आंगनबाड़ी की छत का प्लास्टर

वार्ड 6 की आंगनबाड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



स्थानीय वार्ड-6 में किला क्षेत्र के तहत लगने वाले आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार सुबह बड़ा हादसा होने से बच गया। दरअसल, बड़ा महामहल के पास स्थित इस आंगनबाड़ी केंद्र की छत का प्लास्टर अचानक भर-भराकर नीचे फर्श पर आ गिरा। जिस समय प्लास्टर गिरा उस समय आंगनबाड़ी में कुछ बच्चे सहित कार्यकर्ता और सहायिका मौजूद थीं। गनीमत से प्लास्टर किसी के ऊपर नहीं गिरा अन्यथा जनहानि हो सकती थी। बाद में घटना की जानकारी महिला बाल विकास के अधिकारियों तक पहुंची। जिला परियोजना अधिकारी श्यामबाबू खरे ने बताया कि भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए मंगलवार से यहां आंगनबाड़ी संचालित नहीं होगी। आंगनवाड़ी संचालन के लिए अन्यत्र व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले में 2456 आंगनबाड़ी एवं 400 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होते हैं इनमें से करीब 600 आंगनबाड़ियां भवन विहीन हैं जो कहीं किराए के कमरों में तो कहीं अन्य शासकीय व्यवस्थाओं के अनुसार संचालित हो रही हैं।

विधायक अमर सिंह यादव ने रक्षामंत्री से की मुलाकात



राजगढ़। पचमढ़ी में भारतीय जनता पार्टी के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान विधायक यादव ने रक्षामंत्री से राजगढ़ क्षेत्र के विकास कार्यों से संबंधित मुद्धों पर चर्चा की। यादव ने राजगढ़ में चल रही विकास परियोजनाओं की स्थिति एवं आगामी योजनाओं के लिए आवश्यक सहयोग प्रकाश डाला। रक्षामंत्री ने विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। विधायक यादव और रक्षामंत्री की यह भेंट भाजपा के आंतरिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान हुई जिसमें पार्टी के अनेकों सांसदों एवं विधायकों ने हिस्सा लिया।

बारिश पूर्व सफाई अभियान शुरू

सीएमओ की निगरानी में प्रमुख नालों से निकाली जा रही गाद और कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बारिश के मौसम से पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में नालियों और नालों की सफाई का अभियान तेज कर दिया गया है। सोमवार सुबह 8 बजे से इस अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दीपक रानवे के मार्गदर्शन और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल के निर्देश पर सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है।

अभियान के तहत शहर के प्रमुख वार्डों जैसे बस स्टैंड, बड़ी होली, नेहरू कॉलोनी और बागकुआं रोड की नालियों की सफाई की गई। इसके अलावा गांधी चैक क्षेत्र से नदी की ओर जाने वाले नालों और कीड़ी रोड जैसे संवेदनशील इलाकों में भी नालों के अंदर जमी गाद और कचरे को हटाया गया। भेरू दरवाजा से त्रिपोलिया बाजार क्षेत्र तक की नालियां साफ की गयी। सफाई कार्य दोपहर की भीषण गर्मी में भी बिना रुके जारी रहा। सफाई कार्य की मॉनिटरिंग स्वयं सीएमओ रानवे और चार सफाई दरोगा कृ सतीश कंडारे, जितेंद्र, मनीष और तरुण द्वारा की जा रही है। इनके साथ सफाई कर्मचारियों की टीम विभिन्न मोहल्लों में सक्रिय है और व्यापक सफाई सुनिश्चित कर रही है।

सीएमओ रानवे ने बताया कि आगामी दो-तीन दिनों में बारिश शुरू होने की संभावना है। यदि नालियों की समय रहते सफाई न की जाए तो नालियां चोक होकर बारिश का पानी घरों और दुकानों में घुस सकता है। इसी के मद्देनजर मुख्य बाजार क्षेत्रों और जलभराव वाले इलाकों की प्राथमिकता से सफाई की जा रही है। नगर पालिका का यह कदम शहर को जलभराव और गंदगी की समस्या से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

संस्कार एकेडमी पचोर में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

पचोर। नगर का प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ नवाचार एवं मानवता के आदर्श उदाहरण के लिए जाना जाता है। इस दिशा में संस्कार एकेडमी रक्तदाता संस्था के रूप में भी मानव सेवा के पुनीत कार्य में सतत संलग्न रहा है। जब-जब शासकीय चिकित्सालय द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है तब-तब संस्कार एकेडमी परोपकार भाव से इस आयोजन में अपनी भूमिका निभाता रहा है। इसी क्रम में 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला चिकित्सालय द्वारा डॉक्टर विकास शर्मा प्रभारी अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचोर के नेतृत्व में पचोर नगर की शैक्षणिक संस्था संस्कार एकेडमी में रक्तदान शिविर लगाया। क्योंकि यह दिन उन लोगों को समर्पित है जो बिना किसी स्वार्थ के रक्तदान करते हैं और दूसरों की जान बचाने में मदद करते हैं। संस्कार एकेडमी के अध्यक्ष दीपक गोयल, डायरेक्टर दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विकास शर्मा प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कोऑर्डिनेटर कवंलप्रीत एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की सहभागिता एवं स्वेच्छा पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में विद्यालय के 25 परिजनों ने रक्तदान कर न केवल जरूरतमंदों की मदद की बल्कि स्वयं के स्वास्थ जीवन की और कदम बढ़ाया । इस अवसर पर जिला रक्त कोष प्रभारी डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह भदोरिया एवं डॉक्टर्स टीम भी उपस्थित रही।

मई माह में रिटायर्ड 20 कर्मचारियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

राजगढ़। मई 2025 में राजगढ़ जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ 20 अधिकारी, कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा सोमवार को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन सभी सेवानिवृतत कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश प्रदान करते हुए शॉल, श्रीफल प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त हुए इन कर्मचारियों में कलेक्ट्रेट राजगढ़ के रूपसिंह परेठिया एवं भारत सिंह खिंची, बीईओ कार्यालय ब्यावरा के सुनील कुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता, रामचरण वर्मा एवं देवेन्द्र सूर्यवंशी, बीईओ कार्यालय सारंगपुर के बीएल सूर्यवंशी, कमल सिंह चौहान एवं ओमप्रकाश भिलाला, बीईओ कार्यालय जीरापुर के सीताराम मालवीय एवं जगदीश भावसार, बीईओ कार्यालय नरसिंहगढ़ के चन्दर सिंह भिलाला एवं सरजन सिंह परमार, पीडब्यूडी कार्यालय राजगढ़ के शम्बूसिंह एवं रामसिंह कुशवाह, बीईओ कार्यालय खिलचीपुर के अनिल द्विवेदी, कृषि विभाग के संतोष उपाध्याय, न्यायालय के गोपाल दास जोशी, जनपद कार्यालय राजगढ के मुंशीलाल जाटव एवं प्राचार्य डाईट आरके मीना शामिल हैं।

पेंशनर्स संघ का जिला सम्मेलन 29 जून को

जीरापुर। आगामी 29 जून को प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ के तत्वावधान में पेंशनर्स जिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय भावसार धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में जिले के समस्त शाखा अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं स्थानीय पेंशनर शमिल होंगे। जहां पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं अतिथि श्रीमती अनुसूया पवन कुशवाहा एवं अध्यक्षता पंडित दिनेश नागर जिला अध्यक्ष पेंशनर संघ राजगढ़ करेंगे। पेंशनर संघ जिला सम्मेलन को लेकर संघ द्वारा बैठक आयोजित कर विभिन्न प्रकार की तैयारी की जा रही है एवं पेंशनरों को सूचित किया जा रहा है।

प्रारूप छ - 9

कार्यालय रजिस्ट्रीकरण माँ कमला प्रिंटिंग प्रेस सहकारी संस्था मर्यादित नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़

पंजीयन क्रमांक-1136/ दिनांक 11.08.2009
(मध्य प्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ङ (3) (क) के अंतर्गत)
क्रमांक/निर्वाचन/आमसभा/2025/05 राजगढ़ दिनांक 17-06-2025

// सूचना //

आपको सूचित किया जाता है कि सोसाइटी की विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 05/07/2025 को समय दिन के 11:00 बजे स्थान- सोसाइटी कार्यालय पांडव चौराहा, नरसिंहगढ़, तहसील नरसिंहगढ़ पर आयोजित की गई है जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जायेगी, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूची - 1. सोसाइटी की उपविधि क्रमांक 25 के अनुसार संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन करना।

नोट:- रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम संलग्न है।

अध्यक्ष/प्रबंधक
माँ कमला प्रिंटिंग प्रेस सहकारी संस्था मर्यादित
नरसिंहगढ़, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
राजगढ़ जिले में ऐजेन्सी देना है ।
पचोर, बोड़ा
सम्पर्क करें मुकेश शर्मा : 9425380751
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

समापन दिवस पर भाव विभोर हुए श्रोता, व्यसन-बुराईयों को त्यागने का लिया संकल्प

'श्रेष्ठ कर्म ही हमारे जीवन को सुखदायी और यशस्वी बनाते हैं, इसके लिए बुद्धि को निर्मल बनाना होगा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ग्राम बालोड़ी में चल रहे सात दिवसीय गीता प्रवचन के समापन दिवस पर ग्रामवासियों ने सम्मलित होकर व्यसन-बुराईयों को त्यागने का संकल्प किया। सम्मानीय अतिथि जन और गणमान्यों ने दीप प्रज्वलन कर कथा में उपस्थिति दी और प्रवचनकर्ता श्रद्धेय दीदी का सम्मान किया।

प्रवचनकर्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने कहा कि हमारे ऊंचे और श्रेष्ठ कर्म ही हमारे जीवन को सुखदायी और यशस्वी बनाते हैं, इसके लिए बुद्धि को निर्मल बनाना होगा। हमे महज ज्ञान को सुनना नही बल्कि जीवन में उतारकर ईश्वरीय आदेशों के अनुसार जीवन बनाना है। दीदी ने ज्ञान और विज्ञान को सहज रीति समझाते हुए गीता के व्याख्यान के माध्यम से समझाया कि अर्जुन जब अधीर हो गए और उन्होंने अपना मनोबल खो दिया तब भगवान ने उन्हें उनके निज स्वरूप की पहचान देकर कर्म का सुंदर ज्ञान दिया। ज्ञान ही वो अस्त्र है जिससे हम विषम परिस्थिति में अपने आपको स्थिर बनाए रख सकते हैं। सदैव याद रहे ईश्वरीय ऊर्जा हमारे साथ है,हमारे साथ सदैव अच्छे से अच्छा होगा, ऐसे सकारात्मक विचार हमें निरंतर सही दिशा में आगे लेकर जाएंगे और हम अन्य की प्रेरणा के भी पात्र बनेंगे।

दीदी ने सहज व सरल मेडिटेशन के माध्यम से ईश्वरीय अनुभूति कराई साथ ही बुराइयों को त्यागने का संकल्प भी कराया। इस सफल आयोजन के लिए दीदी ने सभी को हृदय से धन्यवाद किया और बधाई दी। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी व प्रीति दीदी का सम्मान किया गया। दीदी ने आयोजक परिवार धीरज सिंह सोलंकी को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया। भारतीय सेना के जवान विजय सिंह राजपूत को भी दीदी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीण जनों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। दीदी ने सभी से एकाग्रता और समझ को विकसित करने के लिए नियमित मेडिटेशन का आग्रह किया, जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहे और शीघ्र लक्ष्य प्राप्ति में सफलता मिल सके, साथ ही समय के सदुपयोग की बात भी कही। प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर भ्राता कैलाश शर्मा, प्रह्लाद सिंह कुशवाह मोहनपाल सिंह,रमेश चंद्र सोलंकी, लालसिंह कुशवाह, लक्ष्मी नारायण मालवीय, राजेन्द्र सोनी, सोमनाथ सिंह, भगवान सिंह समेत आसपास के ग्रामीण जन, ईश्वरीय परिवार के सदस्य, धर्मप्रेमी, वरिष्टजन बड़ी संख्या में सम्मलित हुए।

प्रारूप - 28
(नियम 91(1)(क)(ii))
ई निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय नगर परिषद कुरावर, जिला राजगढ़ (म.प्र.)

एन.आई.टी. संख्या 969/ई-टेण्डरिंग कुरावर, दिनांक 12.06.2025

निम्नलिखित निर्माण के लिये निविदा मानदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसलटेन्ट और ख्याति प्राप्त फर्म्स, से ऑनलाईन बोली आमंत्रित है -

क्र.	ई-निविदा क्रमांक	निविदा क्रम	कार्य का नाम / विवरण	अनुमानित लागत	अमानत राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	अन्य विवरण
1	2025_ UAD_ 430513_1	प्रथम	निकाय क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत एम.आर.एफ. / कम्पोस्टिंग प्लांट निर्माण / सुंदढीकरण कार्य ।	6267638/-	47008/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार	6 माह	10000.00

शर्ते - (1) बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर सरल क्र. 1 हेतु 17:30 (समय) 12.06.2025 (दिनांक) से 17:30 (समय) 12.07.25 (दिनांक) तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं।
(2) एन.आई.टी. में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
(3) किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो, तो कृपया श्री के. वी. सिंह, मु.न.पा.अधि. से सम्पर्क करें।

बादामबाई बालाप्रसाद चंद्रवंशी
अध्यक्ष
नगर परिषद कुरावर

के.वी.सिंह
मुख्य नपा. अधिकारी
नगर परिषद कुरावर